केन्द्रीय विद्‌यालय वायु सेना स्थल
लैटकोर पीक , शिलांग

विद्यालय प्रबंधन समिति (VMC MEETING)
(14/01/2020)
बैठक के बिंदु

- केन्द्रीय विद्यालय लैटकोर पीक में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षता में दिनांक 14.01.2020 को 11.00 बजे प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई।
- सर्वप्रथम प्राचार्य महोदया ने अध्यक्षता महोदय एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया।
- प्राचार्य महोदया ने विद्यालय के शैक्षणिक प्रगति का संक्षिप्त विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया एवं आने वाले समय में विद्यालय के शैक्षणिक प्रगति में अपेक्षित सुधार हेतु आश्वस्त किया।
- विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की गई एवं स्थिति में सुधार हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने पर सहमति हुई।
- वायु सेना परियोजना हेतु भूमि संबंधी विषय पर अद्यतन स्थिति से समिति को अवगत कराया गया।
- संविदा शिक्षकों के सत्र 2020-21 साक्षात्कार **18 फरवरी 2020** को आयोजित करने का निश्चित किया गया।
- सत्र 2020-21 के लिए वार्षिकोत्सव अप्रैल अथवा मई में आयोजित करने का निश्चित किया गया।
- विद्यालय प्रबंधन समिति की अगली बैठक **10 फरवरी 2020** को आयोजित करने का निश्चित किया गया।
- VEC विद्यालय कार्यकारी समिति के गठन पर सहमति बनी।
- विद्यालय बजट आदि अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति प्रस्तुत करने से पूर्व भली भांति जांच कर ली जाए।
- बालिकाओं हेतु नए शौचालय हेतु निर्माण हेतु सहमति बनी।
- विद्यालय में आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की अग्रिम सूचना पूरे विवरण के साथ दी जाए जिससे सुरक्षा के साथ सम्झौता न हो।
- सभी छात्रों का ID बनाना सुनिश्चित किया जाए।
- विदयालय में पीने के पानी (Water Dispenser) हेतु लगाने कि अनुमति प्रदान की गई
- विद्यालय में खिडकियों के शीशे एवं रेलिंग संबंधी कार्य को 24 जनवरी से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए।
- कंप्यूटर कक्ष हेतु नई कुर्सियाँ खरीदे जाने का निर्णय लिया गया
- विद्यालय एवं स्टाफ़ आवास हेतु विद्‌धुत का बिल प्रत्येक तिमाही आधार पर दिया जाए लंबित पड़े बिलों के यथाशीघ्र प्रयास किया जाए।

अंत में अध्यक्ष (विद्यालय प्रबंधन समिति) महोदय ने उम्मीद जताई की सभी शिक्षक ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करें हुए केन्द्रीय विद्यालय लैटकोर पीक की प्रतिष्ठा एवं गौरव को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।

ol C

CHAIRMAN
Vidyalaya Management Committee
Kendriya Vidyalaya
Laitkor Peak, Shillong

Scanned by CamScanner